**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, वन मण्डल, (मामौन गेट) टीकमगढ़ (म0प्र0)**
ई-मेल dfotkmgar@mp.gov.in
फोन नं. 07683-245315 फैक्स नं. 245315

क्रमांक/मा.चि./2018/ 2267 टीकमगढ़, दिनांक- 28/5/18

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)

विषय :- **सतधारा तालाब योजना के लिए वन भूमि डूब क्षेत्र में आने के कारण क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु राजस्व भूमि का प्रदाय करने बावत्।**

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक 813/कार्य/2018-19 दिनांक 07.05.2018

विषयान्तर्गत में संदर्भित पत्र अनुसार सतधारा तालाब योजना के अन्तर्गत प्रभावित वनभूमि के बदले में क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित ग्राम लिधौरा ऊगढ़ तहसील लिधौरा जिला टीकमगढ़ के खसरा नंबर 227, 228 एवं 229 में रकबा 40 हेक्टेयर राजस्व भूमि का स्थल निरीक्षण उपवनमण्डलाधिकारी टीकमगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 26.12.2017 को किया गया। स्थल अनुसार प्रस्तावित राजस्व क्षेत्र में अधिकांश भाग में अतिक्रमण है, स्थल जांच का पंचनामा संलग्न है।

इस परियोजना के पूर्व हरपुरा नहर परियोजना एवं बान सुजारा बांध परियोजना में प्रभावित वन भूमि के बदले वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित राजस्व भूमि ग्राम मिनौरा व ककरवाहा में अतिक्रमण होने से वृक्षारोपण कार्य में काफी कठनाईया पैदा हुई है एवं आज भी ग्रामीणो द्वारा वृक्षारोपण क्षेत्र की फैंसिंग को नुकसान पहुँचाया जा रहा है।

अतः आप उक्त परियोजना में अतिक्रमण मुक्त भूमि वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध करवाये जाने का कष्ट करें। ताकि प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्न :- पंचनामा एक।

28/05

वन संरक्षक
एवं पदेन वनमण्डलाधिकारी
क्षेत्रीय वन मण्डल, टीकमगढ़